नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 184 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, बुधवार 11 मई 2022



डॉ. सम्पत ने दिव्यांग को दी ट्राई साईकिल, अनाथ बच्चों के ... पेज -3 पर

अब मरीजों को मोतियाबिंद से मिलेगा मुक्ति ब्लॉक स्तर पर आर एच ओ को दिया ... पेज -4 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### ट्रेनों में टिकट कंफर्म नहीं

### रेलवे ने अमरकंटक व राजेंद्रनगर एक्सप्रेस में एक-एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाने का लिया निर्णय



**रायपुर।** ट्रेनों में गर्मी के पीक सीजन में लोगों को कंफर्म बर्थ नहीं मिल रही है। कई यात्रियों ने दो-तीन महीने पहले रिजर्वेशन करवाया था। उस समय उन्हें वेटिंग मिला था। अब यात्रा के दिन करीब आने के बाद भी उनकी वेटिंग क्लियर नहीं हो रही है। इस वजह से दो-दो महीने पहले रिजर्वेशन करवाने का फायदा नहीं हो रहा है। वेटिंग की स्थिति की समीक्षा के बाद रेलवे ने अमरकंटक व राजेंद्रनगर एक्सप्रेस में एक-एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाने का निर्णय लिया है। एक्स्ट्रा कोच से कम से कम 72 बर्थ अतिरिक्त मिलेंगी।

इससे वेटिंग में चल रहे यात्रियों को कंफर्म टिकट से लेकर आरएसी मिलने के आसार हैं। रेलवे के अफसरों के अनुसार आरएसी मिलने से कम से कम यात्रियों को बैठने के लिए सीट तो मिल जाएगी। रेलवे ने फिलहाल दुर्ग -भोपाल-दुर्ग एक्सप्रेस में स्लीपर कोच दुर्ग से 10, 11, 12, 13 एवं 14 मई को लगाने का निर्णय लिया है। इन तारीखों में वेटिंग काफी ज्यादा है। 10 मई को 25, 11 मई को 17, 12 मई को 11, 13 मई को 61 व 14 मई को 15 वेटिंग है।

## हिंदुत्व पर सीएम की खरी-खरी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के शहरों में कृष्ण कुंज विकसित किए जाने को लेकर भाजपा के कमेंट के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हिंदुत्व की राजनीति पर खरी-खरी सुनाई है। सीएम ने कहा, भाजपा को भगवान राम में कोई आस्था नहीं है।

# भाजपा को केवल वोट के लिए याद आते हैं राम, जमीन खिसकी, तो बौखला गए

उनको राम की याद केवल वोट के लिए आती है। यहां राम, कृष्ण और शिव संस्कृति और परंपरा में रचे-बसे हुए हैं।

उनकी पूजा भाजपा वालों ने नहीं सिखाया है। ये लोग यहां इसलिए बौखलाए हुए हैं क्योंकि इनकी जमीन खिसक चुकी है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को कलेक्टरों को निर्देश दिया था कि शहरों में एक एकड़ जमीन पर कृष्ण कुंज विकसित



किया जाए। इसमें सांस्कृतिक-धार्मिक महत्व के पौधे लगाने की तैयारी थी। मुख्यमंत्री का कहना था, इसमें पौध रोपण की शुरुआत आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से हो जाए। उसके बाद भाजपा नेताओं ने कहना शुरू कर दिया कि 2023 के चुनाव में हार सामने देखकर कांग्रेस को भगवान राम-कृष्ण याद आने लगे हैं। वह हिंदुत्व की राजनीति पर उतर आई है।

मंगलवार को रायपुर पुलिस लाइन हेलिपैड पर पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, अगर शहर में बहुत सारे पेड़-पौधे लगाते हैं। उनमें जंगलों के हर्रा-बहेड़ा, कौहा जैसे पेड़ हों अथवा पीपल, बरगद जैसे गांव में दिखने वाले पेड़ अगर शहर के एक-दो एकड़ जमीन पर लगा दें और उसका नाम कृष्ण कुंज रख दें तो इसमें तकलीफ क्या है। मुख्यमंत्री ने कहा, ये लोग तो वोट के लिए भगवान को मानते हैं, वरना इनकी आस्था नहीं है उनमें।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा, ये जब चुनाव आता है तभी जय श्रीराम बोलते हैं, बाकी समय इनको भगवान याद नहीं आता। अयोध्या मामले में भी देख लें। इनका संगठन 1925 में बना है। 1980 तक ये लोग क्या कर रहे थे। तब उनको राम की याद नहीं आई। वह तो देखा कि इससे वोट मिल सकता है। तब ये लोग कूदे वहां। नहीं तो अयोध्या मंदिर का केस तो आजादी के पहले से चल रहा था। तब तो चुप थे। आज इनकी जमीन खिसक गई है।

### पंजाब पुलिस के इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर पर हमला

# डीजीपी बोले- धमाके में टीएनटी का इस्तेमाल

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के मोहाली स्थित इंटेलिजेंस विंग के हेडक्वार्टर पर हमले में विस्फोटक के तौर पर ट्राइ नाइट्रो टाल्यून का इस्तेमाल हो सकता है। इसका खुलासा पंजाब के DGP वीके भावरा ने किया। हमले के बाद मीडिया से बातचीत में डीजीपी ने कहा कि हेडक्वार्टर पर प्रोजेक्टाइल से हमला किया गया है। जिस वक्त हमला हुआ, कमरे में कोई नहीं था। इसका इंपैक्ट भी दीवार पर आया है। इस मामले में आतंकी हमले के एंगल पर डीजीपी ने कहा कि अभी इसकी जांच की जा रही है। इस मामले में कोई गिरफ्तारी होगी तो इसके बारे में जानकारी दे दी जाएगी। DGP ने कहा कि पुलिस को बड़ी लीड मिली हैं। जल्द ही पूरे केस को सॉल्व कर लिया जाएगा। वहीं इस मामले में संदिग्ध स्विफ्ट कार के बारे में बड़ी जानकारी मिली है। यह स्विफ्ट कार धमाके के बाद हरियाणा की तरफ गई है। वहां भी पुलिस ने रेड कर कुछ संदिग्ध हिरासत में लिए हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम भी मोहाली पहुंचकर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, हमला करीब 80 मीटर दूर से किया गया है। अज्ञात हमलावर पर केस दर्ज कर लिया है। इसके बाद इंटेलिजेंस इलाके में CCTV फुटेज, मोबाइल टावर खंगाल रही है।

### टेरर अटैक के एंगल से जांच





### NIA की टीम पहुंची

इस हमले के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) भी एक्टिव हो गई है। NIA की एक टीम मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे पंजाब इंटेलिजेंस ऑफिस पहुंच गई। NIA आतंकी एंगल होने की वजह से इसकी जांच के लिए पहुंची है। पुलिस की चिंता इसलिए ज्यादा है, क्योंकि ऐसे हथियार अफगानिस्तान में इस्तेमाल होते रहे हैं। इसके अलावा रूस-यूक्रेन जंग में भी इनके इस्तेमाल की बात कही जा रही है। मोहाली में हुए ब्लास्ट के मामले में सीएम भगवंत मान ने पुलिस अफसरों की मीटिंग बुला ली है। जिसमें इंटेलिजेंस विंग के अफसरों को भी बुलाया गया है। सीएम मान ने कहा कि काफी अर्से से देश के दुश्मन पंजाब का माहौल खराब करने की कोशिशें कर रहे हैं। हालांकि पंजाब का भाईचारा इतना मजबूत है कि ऐसे लोग अपने इरादों में सफल नहीं हो पा रहे।

### बैगा आदिवासियों को मिलेगा साफ पानी

# कवर्धा कलेक्टर ने पहाड़ों की झिरियों को पक्का करने के दिए निर्देश



रायपुर। कवर्धा कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने बैगा आदिवासियों के लिए पानी की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि गर्मी के दिनों में जंगल के इलाकों में रहने वालों को पेयजल की समस्या होती है। इसके निदान के लिए जंगलों के प्राकृतिक जल स्त्रोत झिरिया का पक्कीकरण किया जाए।

इसे लेकर जनपद पंचायत सीईओ को फौरन कार्रवाई करने को भी कहा गया है। उन्होंने कहा कि जहां पहाड़ों में पानी मौजूद है उस जगह हो पक्का, कंक्रीट से दीवार घेरकर तैयार किया जाए, जिससे वहां पानी साफ रहे, पीने योग्य बन सके। बताया था कि ग्रामीणों को झिरिया से पानी लेना पड़ता है, वहां गंदगी और मिट्टी की वजह से साफ पानी नहीं मिल पाता। जो पानी पहाड़ों से रिसकर आता है, उसे ही बैगा आदिवासी एकत्र कर पीने के लिए इस्तेमाल करते हैं। उस मटमैले पानी के लिए भी ग्रामीणों को 3 किमी पहाड़ चढ़ना पड़ता है।

### ये है असल समस्या

कवर्धा के पंडरिया ब्लॉक के गांव देवान पटपर पर 4 दिन पहले एक ग्राउंड रिपोर्ट तैयार की थी। यहां रहने वाले बैगा आदिवासी धन सिंह ने बताया था कि यहां पानी की ही समस्या से हम रोज परेशान हैं। कई बरस बीत गई नेता और अफसरों को ये कहते-सुनते कि हमारे गांव में साफ पानी देंगे देंगे, मगर आज तक इन आंखों ने साफ पानी नहीं देखा। रिपोर्टर ने जब आगे पूछा कि कहां से पानी लाते हो तो दूसरे ग्रामीण सोन सिंह ने इशारे से बताया कि पहाड़ों के नीचे जाकर एक गड्ढे (झिरिया) से जहां पानी रिसकर जमा होता है, वहीं से लाते हैं साहब। ग्रामीण चाहते हैं कि उन्हें पीने का साफ पानी मिल जाए। यहां मदद भेजने का आश्वासन इलाके की कांग्रेस विधायक ममता चंद्राकर ने भी दिया था।

# करजी में बांस और पैरे से बनी छप्पर के नीचे बैठकर मुख्यमंत्री ने की आमजनों से भेंट-मुलाकात

### आमजनता के बीच पहुंचकर खुद लिए आवेदन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के सातवें दिन आज सरगुजा(अम्बिकापुर) जिले के विधानसभा क्षेत्र लुंड्रा के ग्राम करजी-कतकालो पहुंचे। उन्होंने ग्राम करजी में आम के पेड़ों के बीच पारंपरिक रूप से बांस और पैरे से बनी छप्पर के नीचे बैठकर आमजनों से भेंट-मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। गौरतलब है कि बांस और पैरे से बने इस पारंपरिक छप्पर का निर्माण पड़ोसी गांव परसोढ़ी खुर्द के बंसोड़ समुदाय के लोगों द्वारा तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस दौरान ग्राम करजी में कक्षा 11वीं की छात्रा मधुलिका प्रजापति के आग्रह पर हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण की घोषणा की। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर करजी में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने, एसबीआई का ए.टी.एम. प्रारंभ करने के लिए प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि ग्राम टपरकेला में सामुदायिक भवन निर्माण, कुबेरपुर और आमादरहा में सोलर लिफ्ट इरिगेशन की स्थापना की जाएगी। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, लुंड्रा विधायक डॉ. प्रीतम राम, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।





### हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण और स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने की घोषणा

## वनांचल के निवासियों के लिए महत्वपूर्ण सौगात

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार बस्तर संभाग में रेशम पालन तथा कोसा उत्पादन करने वाले आदिवासी-वनवासी कृषकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसके तहत रैली कोसा का क्रय अब समर्थन मूल्य पर छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा किया जाएगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने विगत दिवस चालू वित्तीय वर्ष के बजट भाषण में बस्तर में रेशम मिशन प्रारंभ करने की घोषणा की थी। इस घोषणा के पालन में राज्य सरकार ने चालू वर्ष से लघु वनोपज संघ के माध्यम से कोसा कोकून न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का निर्णय लिया है। इस संबंध में आदेश लघु वनोपज संघ ने आज जारी कर दिए हैं।

# अंडरब्रिज के शेड में लगी आग

### आना-जाना कर रहे थे लोग, तभी लगी आग, कचरे के ढेर से आग फैलने की आशंका

भिलाई। छत्तीसगढ़ के भिलाई स्थित एक अंडरब्रिज में भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि अंडरब्रिज का शेड पूरी तरह से जलकर राख हो गया है। घटना के वक्त वहां से लोग आ जा रहे थे।



इसी दौरान आग अचानक भड़क गई। लोगों ने किसी तरह से अपनी जान बचाई है। बताया जा रहा है कि मंगलवार दोपहर के वक्त नेहरूनगर अंडरब्रिज से लोग आना जाना कर रहे थे। इस दौरान अचानक अंडरब्रिज में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें और बढ़ गई और आग पूरे शेड में फैल गई। घटना के बाद आस-पास के लोगों ने पुलिस और दमकल की गाड़ियों को इसकी सूचना दी थी। जिसके बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और एक घंटे में आग पर काबू पाया गया है।

### लोगों को दूर-दूर तक दिखा धुएं का गुबार।

आस-पास के लोगों का कहना है कि अंडरब्रिज के पास काफी कचरे का ढेर है। इसी में किसी ने आग लगाई थी। इस आग से इस शेड में आग लगी होगी। कई लोग यहां पर कचरा डंप कर देते हैं। फिलहाल एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझा लिया गया है। मगर आग की लपटें भी काफी भयंकर थीं। इसके अलावा धुएं का गुबार भी लोगों को दूर-दूर तक दिखा। कुछ समय के लिए लोग दहशत में भी आ गए थे।

**समर्थन मूल्य...** रैली-कोसा का समर्थन मूल्य तय

# छत्तीसगढ़ लघु वनोपज संघ करेगा खरीदी,वजन के हिसाब से एक शेल के 4 रुपए तक मिलेंगे

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार अब रेशम उत्पादन के कच्चे उत्पाद रैली-कोसा की खरीदी भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करेगी। राज्य लघु वनोपज संघ ने इसकी कीमत तय कर दी है। जल्दी ही इसकी खरीदी शुरू हो जाएगी।

लघु वनोपज संघ रैली-कोसा कोकुन को रेशम विभाग को देगा। विभाग स्थानीय कारीगरों के जरिए इससे रेशम के सूत बनवाएगा।




छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ ने बस्तर संभाग में रैली-कोसा को समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए दर निर्धारित कर दिया है। इसके तहत रैली कोसा साबुत ग्रेड-1 में प्रति नग शेल भार 2.5 ग्राम के लिए 4.20 रूपए मिलेंगे। ग्रेड-2 में प्रति नग शेल भार 2.2, 49 ग्राम के लिए 3.60 रुपए तथा ग्रेड-3 में प्रति नग शेल भार 1.4-1.99 ग्राम के लिए 2.80 रुपए निर्धारित हुए हैं। रैली कोसा-पोली ग्रेड-1 में प्रति नग शेल भार 2.5 ग्राम के लिए 1.50 रुपए, ग्रेड-2 में प्रति नग शेल भार 2.2-2.49 ग्राम के लिए 1.25 रुपए और ग्रेड-3 में प्रति नगर शेल भार 1.4-1.99 ग्राम 70 पैसे निर्धारित है। अभी तक बस्तर में उत्पादित रैली-कोसे को बाहर के व्यापारी खरीदते रहे हैं। इससे इसकी पर्याप्त कीमत नहीं मिल पाती थी। पहली बार सरकार खुद खरीदने को तैयार हुई है। इसके साथ ही रैली-कोसा ककून से धागा बनाने की भी तैयारी है ताकि स्थानीय लोगों को अधिक लाभ दिलाया जा सके। वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि शासन के इस महत्वपूर्ण निर्णय से अब रैली कोसा के उत्पादन और प्रसंस्करण का दोहरा लाभ स्थानीय निवासियों को मिलेगा। राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक संजय शुक्ला ने बताया, छत्तीसगढ़ में 8 से 10 करोड़ रैली कोसा-ककून का उत्पादन होता है। रैली कोसा खरीदी का काम मुख्य रूप से बस्तर के सात जिलों जगदलपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कोण्डागांव, केशकाल, नाराणपुर तथा कांकेर में होता है।

### दिल्ली से लौटे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

# चिंतन शिविर से पहले कांग्रेस ने तय किया एजेंडा; सीएम बोले-चर्चा के बाद सोनिया लेंगी फैसला

**रायपुर।** एक दिन के प्रवास पर दिल्ली गए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल देर रात रायपुर वापस लौट आए। रायपुर हवाई अड्डे पर प्रेस प्रतिनिधियों से चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में उदयपुर चिंतन शिविर के एजेंडे पर चर्चा हुई है। विभिन्न विषयों पर वहां ग्रुप डिस्कशन होगा। उसके बाद सोनिया जी फैसला लेंगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, दिल्ली में सीडब्ल्यूसी की बैठक थी। इसमें उदयपुर के चिंतन शिविर के एजेंडे पर चर्चा हुई। संगठन ने अलग-अलग नेताओं को विभिन्न विषयों पर बनी समितियों की जिम्मेदारी दी है। इसमें



मल्लिकार्जुन खड़गे, पी चिदंबरम, मुकुल वासनिक, दीपेंदर हुड्डा और राजा बरार शामिल हैं। इन समितियों में संगठन, सामाजिक न्याय, युवा, आर्थिक और कृषि जैसे छह विषय शामिल हैं। इनकी तैयार रिपोर्ट पर बैठक में चर्चा हुई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, 13,14 और 15 मई को उदयपुर में चिंतन शिविर होगा। उसी की तैयारी थी। चिंतन शिविर में इन सब विषयों पर ग्रुप डिस्कशन होगा। उसके आधार पर एक पेपर तैयार होगा। उसपर सोनिया जी फैसला लेंगी। प्रदेश के विधानसभावार दौरे के संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा, हम तो शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने निकले थे। बहुत अच्छा रिस्पांस है। किसान हमसे प्रसन्न हैं। छात्र-छात्राओं, महिलाओं, गरीब लोगों से मिलकर योजनाओं की जानकारी ले रहे हैं। जहां-जहां कमी दिख रही है, उसके लिए निर्देश दे रहे हैं। उसे भी सुधारा जाएगा।

